प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 15:00बजे

प्रधानमंत्री–मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 21 बैठकें होंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये संसद का पहला सत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्म क चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त् बनाएगा। संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सत्र राष्ट्रस के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह सत्र हमारी सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों के सांसदों से मॉनसून सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया है।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मंडी ज़िला में मॉनसून ने भारी तबाही मचाई है और आपदा के 20 दिन बाद भी सिराज विधानसभा क्षेत्र में लोग अस्थायी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। आपदा प्रभावित सिराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के बाद आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल योजनाएं और सड़कें अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस गति से सरकार की तरफ से राहत व पुनर्वास कार्य होने चाहिए थे, वो नहीं हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में एक हज़ार करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है और 5 सौ मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त जबकि 7 सौ को आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार से 10 गुणा ज़्यादा भाजपा और समाजसेवी लोगों ने प्रभावितों की मदद की है। उन्होंने बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने की ज़रूरत पर बल दिया।

हिमाचल प्रदेश–बारिश

प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश जारी है, जिससे कई स्थानों पर जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए कुल्लू जिला के आनी उपमंडल और शिमला जिला के रोहडू, जुब्बल, चौपाल और उप तहसील जलोग में आज सभी शिक्षण संस्थान, आंगनबाड़ी केंद्र और आई टी आई बंद रखे गए हैं। मौसम विभाग ने 23 जुलाई तक राज्य में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। आज राज्य के दस जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि कल 22 जुलाई को सिरमौर और सोलन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.............

आई.एम.एफ.–यू.पी.आई.

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यू.पी.आई. के साथ तीव्र भुगतान प्रणाली में पूरे विश्व में सबसे आगे है। इस वर्ष जून महीने में इस माध्यम से 18 अरब 39 करोड़ से अधिक लेन–देन में 24 लाख तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का कारोबार हुआ। यह पिछले वर्ष के जून महीने की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है।

———————————————————